**शनिवार**
03 सितम्बर 2022



पृष्ठ 4
**पानी पीने से जुड़े नियमों को अपनाना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक**



पृष्ठ 5
**सारा अली खान और जहान्वी कपूर नए प्रोजेक्ट में साथ आएंगी नजर**




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 207
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00


**आज का विचार**

पुण्य की कमाई मेरे घर की शोभा बढ़ाए, पाप की कमाई को मैंने नष्ट कर दिया है।
— अथर्ववेद

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## बैकडोर भर्तियों पर रितु खंडूरी का सख्त एक्शन
# दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

विशेष संवाददाता

देहरादून। विधानसभा में हुई बैक डोर भर्तियों की जांच अब एक्सपर्ट कमेटी करेगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

विदेश दौरे से लौटी विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने आज देहरादून पहुंचते ही पत्रकार वार्ता में कहा कि विधानसभा एक संवैधानिक संस्था है और अध्यक्ष होने के नाते यह उनका संवैधानिक दायित्व और कर्तव्य है कि उनकी गरिमा को हर स्तर पर बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों से मीडिया में जो खबरें आ रही है उनसे विधानसभा की गरिमा को चोट पहुंची है और अपने अध्यक्ष रहते हुए वह ऐसा किसी भी सूरत में नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश वासियों को और खासकर युवाओं को यह भरोसा दिलाती है कि उनके साथ इंसाफ होगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है और उसकी हिफाजत के लिए उन्हें कड़े से कड़े फैसले भी लेने पड़ेंगे तो वह पीछे नहीं हटेंगी।



❑तीन सदस्य एक्सपर्ट कमेटी गठित
❑एक माह में सौंपेगी अपनी रिपोर्ट

उन्होंने कहा कि मैंने इस मामले की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय एक्सपर्ट कमेटी के गठन करने का फैसला लिया है जिसके अध्यक्ष वरिष्ठ पूर्व कार्मिक दिलीप कुमार कोटिया होंगे जो वर्तमान में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान भारत का कार्यभार देख रहे हैं। कमेटी एक माह में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा क्योंकि इस प्रकरण में वर्तमान विधानसभा सचिव मुकेश सिंघल की भूमिका भी संदेह के दायरे में है इसलिए उन्हें तत्काल प्रभाव से लंबी छुट्टी पर भेजा जा रहा है। अगर एक्सपर्ट कमेटी को उनसे जांच में सहयोग की जरूरत होगी तो वह उसके लिए उपलब्ध रहेंगे। उनसे जब पूछा गया कि यह छुट्टी कितनी लंबी होगी तो उन्होंने कहा कि अगले आदेश तक या फिर जांच पूरी होने तक। क्या जांच अवधि होगी और उसका दायरा क्या होगा इस पर उन्होंने कहा कि एक माह का समय जांच के लिए निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि जांच दो अलग-अलग फेस में होगी। एक राज्य गठन से 2011 तक हुई भर्तियों की तथा दूसरी 2011 से 2022 तक हुई भर्तियों की। यहां यह उल्लेखनीय है कि पूर्व स्पीकर प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा सचिव मुकेश सिंघल को आउट ऑफ वे जाकर सेवा में रखा गया था तथा 2011 से पूर्व नियुक्तियों के बारे में कोई नियमावली नहीं थी। लेकिन 2011 में नियमावली लागू की गई थी जिसके बाद यह बैक डोर भर्तियां हुई है।

# अब ओपन यूनिवर्सिटी की नियुक्ति पर भी हंगामा शुरु

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में इन दिनों घोटाला-घोटाला का खेला जारी है। यूकेएसएसएससी भर्ती घोटाले में जहां ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां जारी है वहीं विधानसभा में बैकडोर भर्तियों के रद्द होने की तलवार लटकी हुई है। लेकिन इसी बीच ओपन यूनिवर्सिटी में हुई 56 अवैध नियुक्तियों के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस के बीच महासंग्राम छिड़ गया है।

खास बात यह है कि ओपन यूनिवर्सिटी में हुई इन 56 नियुक्तियों की जांच की मांग यूनिवर्सिटी के अंदर से ही उठी है। टीचर्स संघ ने इन भर्तियों की जांच की मांग की है। इस मामले ने उस वक्त और अधिक तूल पकड़ लिया जब ओपन यूनिवर्सिटी के बीसी द्वारा पत्रकारों को हड़काते हुए उन पर मानहानि का मुकदमा दर्ज करने की बात कह दी गई। इस पर अब उच्च शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत को सफाई देनी पड़ रही है। धन सिंह रावत का कहना है कि मीडिया को धमकाने का अधिकार किसी को भी नहीं है वह खुद मीडिया का बहुत सम्मान करते हैं।

❑भाजपा और कांग्रेस नेता आमने-सामने
❑सूबे में जारी है घोटाला-घोटाला का खेला

उधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने इस मामले में धन सिंह रावत पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत के कार्यकाल में विश्वविद्यालय से लेकर तमाम जगह में हुई नियुक्तियों की जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कई शिक्षकों के नाम गिनाते हुए कहा है कि वह बिना किसी परीक्षा के ही नौकरियां कैसे पा गए। उधर भाजपा नेताओं का कहना है कि यह नियुक्तियां तो कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुई थी इस पर कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि नियुक्तियां किसी भी सरकार के कार्यकाल में हुई हो अगर अवैध तरीके से हुई है तो उसकी जांच होनी ही चाहिए। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर ओपन यूनिवर्सिटी में हुई अवैध भर्तियों की सूची वायरल हो रही है। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## ट्रक ने खड़ी बस को मारी टक्कर, 4 लोगों की मौत, 10 घायल



नई दिल्ली । उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में शनिवार तड़के एक ट्रक के सड़क किनारे खड़ी बस को टक्कर मार देने से चार लोगों की मृत्यु हो गई तथा 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) पूर्णेन्दु सिंह ने बताया कि नेपाल से गोवा जा रहे श्रमिकों से भरी एक डबल डेकर बस का टायर तड़के करीब साढ़े तीन बजे रामनगर थाना क्षेत्र के महंगूपुर गांव में पंक्चर हो गया था, जिसे सड़क किनारे रोककर ठीक किया जा रहा था, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे। उन्होंने बताया कि इस घटना में 14 लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनमें से चार लोगों की मृत्यु हो गई। घायलों में से दो को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। बाकी आठ का स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों में प्रेम थारू, शीतल थारू, चक्र बहादुर बाली तथा एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है।

## पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 7,000 से अधिक नए मामले आए

नई दिल्ली । भारत में एक दिन में कोविड-19 के 7,219 नए मामले आने से देश में संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़कर 4,44,49,726 हो गई है, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 56,745 रह गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 33 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 5,27,965 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.13 प्रतिशत है। कोविड-19 से स्वस्थ होने वाले मरीजों की दर बढ़कर 98.68 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमण की दैनिक दर 1.98 फीसदी, जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 2.42 प्रतिशत दर्ज की गई



है। वहीं, कोविड-19 से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,38,65,016 हो गई है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 213.01 करोड़ खुराक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के मामले चार करोड़ के पार हो गए थे। मंत्रालय के अनुसार, देश में कोरोना वायरस संक्रमण से जिन 25 और मरीजों की जान गई है, उनमें से छह लोगों की मौत महाराष्ट्र में, तीन की केरल और दो-दो मरीजों की मौत दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल में हुई है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# धामी की दमदार पारी

भले ही उत्तराखंड में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा रहा हो लेकिन सूबे की सत्ता पर काबिज रही भाजपा और कांग्रेस के नेता इस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सिर्फ राजनीति ही करते रहे हैं। इन नेताओं के बीच भले ही चुनावी दौर में कितने भी आरोप-प्रत्यारोप एक दूसरे पर लगाए जाते रहे हो लेकिन इस पर लगाम लगाने का प्रयास किसी के भी द्वारा नहीं किया गया। अपवाद के तौर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जनरल बीसी खंडूरी ने जरूर अन्ना हजारे के आंदोलन से प्रेरित होकर राज्य में लोकायुक्त गठन की पहल की गई थी लेकिन भाजपा और कांग्रेस के उन नेताओं ने जिनका उद्देश्य राज्य में लूट खसोट करना रहा है या जिनके नाम कई-कई घोटालों से जुड़े रहे हैं, ने उनके प्रयासों को परवान नहीं चढ़ने दिया। भ्रष्टाचार पर नूरा कुश्ती लड़ने वाले यह नेता अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के एक्शन की सराहना तो कर रहे हैं लेकिन उन्हें इस बात का भी मलाल हो रहा है कि पुष्कर सिंह धामी भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने सख्त रवैये से लोकप्रियता की ऊंचाई तक पहुंच रहे हैं इसे लेकर कांग्रेस ही नहीं भाजपा के नेता भी बेचैन दिख रहे हैं। कांग्रेस के नेता इसलिए परेशान हैं क्योंकि धामी के एक्शन से भाजपा की छवि को मजबूती और बल मिल रहा है और कांग्रेस भर्ती घोटालों को लेकर जो आंदोलन कर रही है वह जनता को इतना प्रभावित नहीं कर पा रहा है जितना कर सकता था। वहीं भाजपा के नेता इसलिए परेशान हैं की धामी पार्टी में नंबर वन की सीट पर अपनी पकड़ मजबूत बनाते जा रहे हैं और उन्होंने बाकी सब को अपने पीछे धकेल दिया है। लेकिन इन नेताओं का उनकी इस सोच से कुछ भला होने वाला नहीं है क्योंकि वह अब धामी की खींची गई बड़ी लाइन को मिटाकर छोटा नहीं कर सकते हैं और धामी से बड़ी लाइन खींचने की कूवत उनके अंदर है नहीं। मौका तो उन्हें भी मिला था कि वह भी अपने कार्यकाल में वैसा कुछ करके दिखाते जैसा धामी कर रहे हैं लेकिन अपने से आगे दौड़ने वालों को लंगडी मारकर गिराने और आगे निकलने की सोच रखने वाले इन नेताओं ने कभी कुछ अच्छा करने के बारे में सोचा ही नहीं। जिन भर्ती घोटालों को लेकर इन दिनों सूबे की राजनीति में हंगामा मचा हुआ है उन पर धामी का रुख सख्त ही नहीं स्पष्ट भी है। विधानसभा में बैक डोर भर्तियों को रद्द किया जा सकता है तथा भविष्य में ऐसा न हो सके इसका भी पुख्ता बंदोबस्त हो सकता है वही धामी के दांव से ऐसा लगता है कि वह यूके एसएसएससी की भर्तियों में हुई धांधली की जांच सीबीआई से कराने की पहल भी कर सकते हैं। उनके इस रुख से युवा बहुत खुश है। उन्हें लग रहा है कि उनके साथ जो नाइंसाफी हुई है अब धामी की यह पहल उन्हें इंसाफ दिला सकती है। मुख्यमंत्री धामी के राजनीतिक भविष्य और भाजपा के लिए यह काफी है। लेकिन इसके लिए यह जरूरी है कि पुष्कर सिंह धामी को रुकना नहीं चाहिए। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जब उनके साथ खड़ा है तो उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। धामी के पास खोने के लिए कुछ नहीं है और पाने के लिए सब कुछ है। उनका तो सब कुछ उसी दिन खो गया जब वह खटीमा से चुनाव हारे थे। यह तो किस्मत है और पार्टी का आशीर्वाद जो उन्हें फिर से मौका मिल गया इसलिए उन्हें अब रुकना नहीं चाहिए और भ्रष्टाचार पर वार के क्रम को तब तक जारी रखना चाहिए जब तक वह अपने अंजाम तक न पहुंच जाए।

## मारपीट में दोनों तरफ से एक दर्जन नामजद

देहरादून (सं)। पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी वाले मामले में दोनों पक्षों की तरफ से एक दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलीवाला निवासी शराफत अली ने डोईवाला कोतवाली में लियाकत अली, अब्दुल खालिद, मौहम्मद आमिर, अब्दुल रहमान, अब्दुल कादीर व आदिल के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने का मुकदमा दर्ज कराया। वहीं दूसरी तरफ से हरबर्टपुर निवासी अब्दुल खालिक ने भी शराफत अली सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया।

**नैतावदन्ये मरुतो यथेमे भ्राजन्ते रुक्मैरायुधैस्तनूभिः।**
**आ रोदसी विश्वपिशः पिशानाः समानमञ्ज्यञ्जते शुभे कम्॥**

(ऋग्वेद ७-५७-३)

देश से स्नेह करने वाले वीर सैनिक जिनके अस्त्र-शस्त्र चमकते हैं। जिनका शरीर कांतियुक्त होता है। उनके जैसा और कोई नहीं है। वे वायु, जल और थल में अपने देश के ध्वज को झुकने नहीं देते। वे शत्रु को अपने पराक्रम से तेजहीन और बलहीन करने का सामर्थ रखते हैं। ऐसे वीरों को हम नमन करते हैं।

The brave soldiers who love the country, whose weapons are radiating and whose bodies are shining. There is no one else like them. They do not allow the flag of the country to be lowered in the air, water, or land. With their bravery, they have the power to make the enemy ineffective and powerless. We bow down before such heroes.

(Rig Veda 7-57-3)

# देश का उज्जवल भविष्य शिक्षकों के हाथ में होता हैः रावत

संवाददाता

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने वक्तव्य में कहा कि किसी भी देश का उज्जवल भविष्य वहां के शिक्षकों के हाथ में होता है. वे युवाओं को सही दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं

आज यहां मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा डिस्पेंसरी रोड स्थित गांधी इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर स्कूल मे अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षकों को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार एवं डोईवाला विधायक त्रिवेंद्र सिंह रावत, नैनीताल हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश टंडन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रश्मि त्यागी रावत संगठन के चेयरमैन सचिन जैन संरक्षक सुनील अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश अध्यक्ष मधु जैन एवं सारिका चौधरी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिन जैन ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने वक्तव्य में कहा कि किसी भी देश का उज्जवल भविष्य वहां के शिक्षकों के हाथ में होता है. वे युवाओं को सही दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं और देश की आर्थिक, सामाजिक, नैतिक विकास और भविष्य निर्माण की नींव डालते हैं. हर साल 5



सितंबर को शिक्षक दिवस सेलिब्रेट किया जाता है। किसी भी सोसायटी या देश के बेहतर भविष्य का निर्माण उस देश के शिक्षकों के जिम्मे रहता है. वे उस देश के नागरिक को सफलता की बुलंदियों पर पहुंचाने का रास्ता दिखाने का काम करते हैं. साथ हीं उन्हें सही और गलत को परखने का तरीका भी बताते हैं. इस तरह इंसान की पहली गुरु उसकी मां कही जाती है, जबकि शिक्षक उसे सांसारिक बोध कराने यानी जीवन में आगे बढ़ने का सही मार्गदर्शन करता है. शिक्षक के इसी महत्व को देखते हुए हमारे देश में हर साल 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर जस्टिस राजेश टंडन ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि संगठन के चेयरमैन सचिन जैन मधु जैन के मार्गदर्शन में निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं सभी संस्था के लोग इसमें अपना पूर्ण योगदान देते हुए कार्य कर रहे हैं उन्होंने संगठन के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी कि वह इसी तरह संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। शिक्षक दिवस पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार कौशिक, लेक्चरर एमसी गौतम, पवन बिष्ट, श्रीमती विनीता, सुनीता तिवारी, कमलेश शर्मा, नरेंद्र सिंह, श्रीमती दीपमाला भट्ट, असिस्टेंट टीचर एस कंबोज, श्रीमती आशा धीमान, राखी धीमान, मीनाक्षी, दीप्ति शर्मा ,हरीश छिब्बर, पीटीआई टीचर डीएस कोतवाल, अजय अंथ्वाल, वी एस राणा, कुणाल कुमार, अनिल कुमार, कविता सकलानी, सविता सुयाल, राधा जोशी स्टाफ् मे कविंद्र गॉड, संपत्ति देवी, जगदंबा प्रसाद, रीना, ममता, साधना आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज कुमार तिवारी, गीता वर्मा, जितेंद्र दंडोना, एसपी सिंह, घनश्याम वर्मा, हरिओम ओमी, विशंभर नाथ बजाज, पूनम मसीह, संगीता खन्ना, अमित अरोड़ा आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रत्याशी का प्रस्तावक उसी क्षेत्र से होना चाहिएःजैन

संवाददाता

हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र की किसी ग्राम पंचायत की नामावली में अंकित हो, किन्तु ऐसे प्रत्याशी का प्रस्तावक उसी वार्ड से होना चाहिए, जिस वार्ड से वह प्रत्याशी दावेदारी कर रहा है।




मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने त्रि-स्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2022 के सहज संचालन की दृष्टि से आम जनमानस की जानकारी के लिये पंचायत चुनाव कौन लड़ सकता है तथा कौन नहीं लड़ सकता है, एक से अधिक पद धारण का निषेध तथा लाभ के पद के मापदण्ड के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि पंचायत चुनाव ऐसा व्यक्ति जिसका नाम, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सम्बन्धित वार्ड की नामावली में तथा प्रधान के लिए सम्बन्धित ग्राम पंचायत की नामावली में, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए क्षेत्र की किसी ग्राम पंचायत की नामावली में अंकित हो, किन्तु ऐसे प्रत्याशी का प्रस्तावक उसी वार्ड से होना चाहिए, जिस वार्ड से वह प्रत्याशी दावेदारी कर रहा है।

जैन ने आगे बताया कि प्रत्याशी ने 21 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, वह दिवालिया न हो, वह किसी राज्य सरकार या केंद्र सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी राज्य सरकार या केंद्रीय सरकार के नियंत्रण में किसी बोर्ड, निकाय या निगम के अधीन लाभ के पद पर न हो (आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका, सहकारी समिति के सचिव, वेतनभोगी कर्मचारी, राज्य एवं केंद्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत मानदेय पर कार्यरत कर्मचारी लाभ के पद के अधीन कहलाएँगे), वह किसी राज्य सरकार या केंद्र सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी अन्य पंचायत की सेवा से दुराचरण के कारण पदच्युत न किया गया हो, नैतिक अधमता के किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध न ठहराया गया हो, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1965 के अंतर्गत 3 माह का कारावास, एसोसिएशन सप्लाइज एक्ट 1946 के अधीन 6 माह से अधिक का कारवास या निर्वासन, आबकारी अधिनियम 1910 के अधीन 3 माह से अधिक का कारावास से दण्डित या निर्वाचन सम्बन्धी किसी अपराध के लिए दोष सिद्ध न ठहराया गया हो, 25 जुलाई, 2019 से पहले अगर दो से अधिक बच्चे हैं, तो पंचायत चुनाव लड़ सकता है।

मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट करते हुये बताया कि पंचायत चुनाव, ऐसा व्यक्ति, जो किसी नगर निकाय का सदस्य हो, जिनके घर में शौचालय स्थापित न हो, मान्यता प्राप्त संस्था/ बोर्ड से हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण न हो,(परन्तुक सामान्य महिला, अनुसूचित जाति प्रत्याशी के मामले में न्यूनतम मिडिल/आठवी उत्तीर्ण न हो) दो से अधिक जीवित संतान हो, सरकारी धन का गबन किया हो या सरकारी धन की वसूली चल रही हो, किसी सरकारी भूमि पर कब्जा हो, 25 जुलाई, 2019 के पश्चात दो से अधिक संतान हुई हो, तब चुनाव नहीं लड़ सकता है।

इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी ने एक से अधिक पद धारण के निषेध के सम्बन्ध में बताया कि कोई व्यक्ति एक साथ क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत के एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचन में उम्मीदवार नहीं हो सकता है। लाभ के पद के मापदंड का उल्लेख करते हुये उन्होंने बताया कि उस पद पर नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती हो, उसे सरकार द्वारा हटाया जा सकता हो, उस पद पर वेतन अथवा अन्य सुविधाएँ देय हों, सरकार और उस व्यक्ति का सम्बन्ध स्वामी और सेवक का हो, उस व्यक्ति के कार्य निश्चित प्रकार के हों और उन कार्यों से उसे या तो स्वयं लाभ पहुँचता हो अथवा वह किसी और को लाभ पहुँचाने की स्थिति में हो, उसे अपने विवेक का प्रयोग करने की शक्तियां हो, लाभ की श्रेणी में आयेगा।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने आसनपुल के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से सात ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम मुस्तफा पुत्र अब्दुल हमीद निवासी छरबा सहसपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## फ्लेट के नाम पर 14 लाख ठगे

संवाददाता

देहरादून। फ्लेट के नाम पर 14 लाख रूपये ठगने के नाम पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी निवासी सुखदेव सिंह ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बडोवाला निवासी मोबिन अली व कुडकावाला निवासी नदीम अहमद ने उसके मित्र मोहनलाल को आर्केडिया ग्रांट में फ्लेट बेचने की बात कहीं। जिसके बाद मोहन लाल ने दोनों को 14 लाख रूपये अदा कर दिये। लेकिन उसके बाद उक्त दोनों लोगों ने ना तो उसके दोस्त को फ्लेट दिये और ना ही उसके रूपये उसको वापस किये।

## टिकट बुकिंग के नाम पर ठगे एक लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। टिकट बुकिंग के नाम पर एक लाख रूपय ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तरला नागल निवासी अनिल कुमार तिवाडी ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने गूगल से टिकट बुकिंग का नम्बर लेकर उक्त नम्बर पर सम्पर्क किया तो कॉल उठाने वाले ने उसको एनी डेस्क एप डाउनलोड करने के लिए कहा था। उसने जैसे ही एनी डेस्क को डाउनलोड किया तो उसके खाते से एक लाख 11 हजार रूपये निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पिता से मारपीट में बेटे व बहू नामद

संवाददाता

देहरादून। पिता के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने बेटों व बहुओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलीवाला निवासी मौहम्मद इकराम ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा नौशाद उसकी पत्नी जूबी मिर्जा, अमजद उसकी पत्नी आयशा ने उसके साथ मारपीट कर उसको घायल कर दिया जब वह उनके चंगुल से बचकर भागा तो उन्होंने उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दुकान से हजारों की नकदी व मिठाई चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने स्वीट शाप में घुसकर वहां से हजारों की नकदी व मिठाई चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भानियावाला निवासी सूरत रौतेला ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी दुर्गा चौक पर मिठाई की दुकान है। रात में चोरों ने उसकी दुकान में घुसकर वहां से तीन हजार रूपये नगद व मिठाई चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चोरी की योजना बना रहे दो खुखरी के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी की योजना बना रहे दो लोगों को खुखरियों के साथ गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने रात्रि चैकिंग के दौरान लालपुल के नीचे दो लोगों को अंधेरे में बैठा देखा तो उनको आवाज लगायी। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो खुखरियां बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह क्षेत्र में चोरी करने की तैयारी कर रहे थे। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम फैसल पुत्र मौहम्मद रफीक निवासी कसाई मौहल्ला कारगी व मोबिन पुत्र महबूब निवासी गंगोह सहारनपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रैकिंग जूडो टूर्नामेंट 5 सिमम्बर से

संवाददाता



देहरादून। जूडो एसोसिएशन आफ इण्डिया के सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि नार्थ जोन खेलो इण्डिया वूमेन लगी, रैकिंग जूडो टूर्नामेंट पांच सितम्बर से आयोजित होगा।

आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सतीश शर्मा ने बताया कि नार्थ जोन खेलो इण्डिया वूमेन लगी रैकिंग जूडो टूर्नामेंट पांच सितम्बर से नौ सितम्बर तक मसूरी रोड पर स्थित स्कूल में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट को स्पोर्टस अथारिटी ऑफ इण्डिया, जूडो फेडरेशन ऑफ इण्डिया तथा जूडो एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड द्वारा सामूहिक रूप से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन देश में पहली बार हो रहा है। प्रतियोगिता चार ग्रुप में करायी जायेगी जिसमें सब जूनियर कैडेट, जूनियर तथा सीनियर शामिल होंगे इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिलायें ही भाग लेंगी तथा इस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, हरियाणा, पंजाब, चण्डीगढ, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एण्ड कश्मीर, लद्दाख की टीमें प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में नार्थ जोन से चुनी हुई टीम खेलो इण्डिया वूमेन नेशनल जूडो टूर्नामेंट में भाग लेंगी तथा वूमेन नेशनल जूडो टूर्नामेंट में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा स्वर्ण रजत एवं ब्रांज पदक विजेताओं को 24 लाख 43 हजार के नकद पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। प्रेस वार्ता में एजुकेशन एण्ड स्पोर्टस डेवलमेंट के अध्यक्ष वीके गुप्ता, उत्तराखण्ड जूडों एसोसिएशन के संयुक्त सचिव मनीष, जिला जूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आरके शर्मा व शशि शर्मा भी उपस्थित थे।

## बिजली चोरी में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने बिजली चोरी में एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार केवी फीडर गुमानीवाला के अवर अभियंता वीरमपाल सिंह ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने चीनी गोदाम रोड गुमानीवाला निवासी देवेन्द्र दत्ता बिजल्वाण के मकान पर छापा मारा तो वहां पर विद्युत लाईन पर कटिया डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## कम्पनी का लिंक भेजकर उड़ाये 8 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। कम्पनी का लिंक भेजकर खाते से आठ हजार रूपये निकालने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंबीवाला निवासी संदीप सकलानी ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके व्हटसएप पर ओपी कम्पनी का लिंक आया। उसने लिंक पर जैसे ही क्लीक किया तो उसके खाते से 8288 रूपये निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## 'उत्तम आर्जव धर्म धारण करने वाला सरलता की ओर अग्रसर होता है'

देहरादून (कासं)। दसलक्षण पर्व पर आज तीसरे दिन क्षुल्लकरतन 105 समर्पण सागर जी महाराज ने उत्तम आर्जव धर्म पर सारगर्भित प्रवचन किए, आपने बताया कि उत्तम आर्जव धर्म धारण करने वाला सरलता की ओर अग्रसर होता है।

भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनावरण प्रवीण कुमार जैन, जैन मेडिकल वालों द्वारा किया गया दीप प्रज्वलन आशीष जैन आशीष कंस्ट्रक्शन द्वारा किया गया।







स्वागत अध्यक्ष श्री अनिल जैन ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री लोकेश जैन ने इस सुंदर कार्यक्रम के लिए जैन एकता समिति की प्रशंसा की एवं उनके कार्यों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मुजफ्फरनगर से पधारे डी पी कौशिक एवं पार्टी का स्वागत समिति के अध्यक्ष सुधीर जैन ने किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रंखला में 7:30 बजे जैन एकता समिति के तत्वाधान में डी पी कौशिक एंड पार्टी मुजफ्फरनगर द्वारा नृत्य नाटिका रूप जो बदला नहीं जाता, मुनि ब्रह्म गुलाल पर आधारित सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।

इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष एस के जैन, मुख्य संयोजक महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक राकेश जैन इलाहाबाद बैंक व संयोजक अंकुर जैन ( बर्तन वाले) संयोजक पंकज जैन, उत्सव समिति के संयोजक संदीप जैन,अर्जुन जैन, आशीष दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, महामंत्री राजेश जैन, जैन भवन के अध्यक्ष सुनील जैन, अशोक जैन,मुनेंद्र स्वरूप जैन, प्रवीण जैन प्रतीक जैन राकेश जैन,सुखमाल चंद जैन,सुकुमार जैन,सुनील कुमार जैन, इंजीनियर सुरेंद्र कुमार जैन, संजय जैन, सुनील कुमार जैन, विजय जैन,अंकुर जैन, अनुभव जैन ,गौरव जैन, वीरेश जैन वीरांगना सरिता जैन ,पूनम जैन, अंकित जैन सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संजीव जैन ने किया।

# चोरी की दो बाइक सहित युवक दबोचा

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। बाइक चोरी होने के दो मामलों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक युवक को चोरी की एक बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने चुरायी गयी दूसरी बाइक भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों कलियर थाना क्षेत्र से अज्ञात चोरों द्वारा अलग अलग स्थानों से दो बाइक चोरी कर ली गयी थी। मामले के खुलासे मे जुटी पुलिस टीम ने एक सूचना के बाद क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को ईमलीखेड़ा जाने वाले तिराहे के समीप बिना नम्बर की बाइक सहित एक संदिग्ध आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो बाइक सवार बाइक मोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम बुरहान निवासी सहारनपुर बताया।

बाइक के विषय में जब उससे पूछा गया तो उसने उसके चोरी का होना कबूल किया। साथ ही उसकी निशानदेही पर चुरायी गयी दूसरी बाइक भी बरामद कर ली गयी है। बहरहाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# पोन्नियिन सेलवन के सेट से बीटीएस वीडियो आया सामने

मणिरत्नम की पोन्नियिन सेलवन की यूनिट ने दूसरे एकल चोला चोल का एक वीडियो जारी किया, जो चोल साम्राज्य की महिमा का जश्न मनाता है।

बीटीएस, अभिनेता विक्रम को दिखाता है, जो फिल्म में राजराजा चोल के बड़े भाई आदित्य करिकालन की भूमिका निभाते हैं।

बीटीएस वीडियो में डांस मास्टर वृंदा को भी विक्रम को एक डांस सीक्वेंस समझाते हुए दिखाया गया है, जबकि निर्देशक मणिरत्नम इसे देख रहे हैं।

प्रेरक, फुट-टैपिंग नंबर सत्य प्रकाश, वीएम महालिंगम और नकुल अभ्यंकर द्वारा प्रस्तुत किया गया है और इलंगो कृष्णन द्वारा इसके बोल हैं।

श्रुति हरिहर सुब्रमण्यम द्वारा निर्देशित पर्दे के पीछे के वीडियो को छायाकार आनंदन ने शूट किया था।

मणिरत्नम का यह ड्रीम प्रोजेक्ट का पहला भाग ३० सितंबर को स्क्रीन पर रिलीज होगा। इसमें विक्रम, ऐश्वर्या राय, तृषा, कार्थी, जयम रवि, जयराम, पार्थिबन,लाल, विक्रम प्रभु, जयराम, प्रभु और प्रकाश राज सहित कई शीर्ष सितारे शामिल हैं।

यह देश में अब तक की सबसे महंगी परियोजनाओं में से एक होगी।

ए.आर. रहमान इस महाकाव्य ऐतिहासिक के लिए संगीत दे रहे हैं और छायांकन रवि वर्मन द्वारा किया गया है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कला निर्देशक थोट्टा थरानी प्रोडक्शन डिजाइन के प्रभारी हैं जबकि मणिरत्नम के विश्वसनीय संपादक श्रीकर प्रसाद इसके संपादन का काम संभाल रहे हैं।

# आकांक्षा पुरी ने फैंस को दी ट्रीट, शेयर की सुपर ग्लैमरस फोटोज

स्वयंवर शो में आकर पॉपुलर सिंगर मीका सिंह का दिल धड़काने वाली साउथ फिल्म इंडस्ट्री और टीवी का जाना-माना चेहरा आकांक्षा पुरी ने हाल ही में अपना बर्थडे सेलिब्रेट की। आकांक्षा ने अपने बर्थडे पर फैंस को खास ट्रीट दी है। वैसे इसे ग्लैमरस ट्रीट कहना ज्यादा सही होगा।

आकांक्षा पुरी ने इंस्टा पर अपनी ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं। ओवरसाइज ब्लैक शर्ट में आकांक्षा बेहद हॉट लग रही है। आकांक्षा ने ब्लैक ब्रालेट के साथ ये शर्ट कैरी की है। ये आकांक्षा का अब तक का सबसे बोल्ड फोटोशूट बताया जा रहा है। आकांक्षा ने तस्वीरें शेयर कर लिखा, माई बर्थडे वाइब हेपी बर्थडे टू मी!! आकांक्षा की इस पोस्ट पर उनके लव मीका सिंह ने भी कमेंट किया है। उन्होंने अपनी लेडीलव को बर्थडे विश करते हुए लिखा- हैप्पी बर्थडे स्वीटहार्ट। आकांक्षा की इन तस्वीरों पर मनु पंजाबी ने भी बर्थड़े विश किया है।

# सेक्सी नजर आई स्कैम 1992 फेम एक्ट्रेस

इमरान हाशमी के अपोजिट साल २०१९ में फिल्म वाय चीट इंडिया से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस श्रेया धनवंतरी को वेब सीरीज द फैमिली मैन और स्कैम 1992 के लिए भी जाना जाता है। हाल ही में श्रेया ने ब्लैक ब्रा और डेनिम में एक फोटोशूट करवाया है जो वायरल है।

एक मैगजीन के लिए करवाए गए इस फोटोशूट की तस्वीरें फोटोग्राफर कीगन क्रस्टो ने कैप्चर की हैं। श्रेया का यह फोटोशूट बेहद बोल्ड है और चर्चा का विषय बना हुआ है। श्रेया ने इन तस्वीरों को शेयर कर अपने सभी फैंस को चौंका दिया। जहां वे स्कैम 1992 में बिजनेस जर्नलिस्ट सुचेता दलाल के नॉन ग्लैमरस लुक में नजर आई थीं। वहीं अब इन तस्वीरों में उनका ट्रांसफॉर्मेशन देखकर उनके फैंस हैरान हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने श्रेया की इन तस्वीरों पर कुछ ऐसे ही कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, आपकी बॉडी तो एकदम गोल्ड है। वही एक अन्य यूजर ने लिखा, इन तस्वीरों से टेंपरेचर बढ़ गया है। एक यूजर ने कमेंट किया, विश्वास नहीं होता कि आप ही स्कैम 1992 में नजर आई थीं। बता दें कि स्कैम 1992 के अलावा श्रेया, मनोज बाजपेयी की वेब सीरीज द फैमिली मैन में जोया का किरदार निभाने के लिए भी जानी जाती हैं। इसके अलावा मेडिकल ड्रामा मुंबई डायरी 26/11 में उन्होंने जर्नलिस्ट मानसी हिरानी का किरदार भी निभाया था।

फिल्मों की बात करें तो वाय चीट इंडिया के बाद श्रेया इसी साल रिलीज हुई तापसी पन्नू की फिल्म लूप लपेटा में जूलिया के किरदार में नजर आई थीं।

आने वाले वक्त में श्रेया, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और डायना पेंटी के साथ फिल्म अद्भुत में नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास सनी देओल, दुलकर सलमान और पूजा भट्ट स्टारर चुप भी है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# पानी पीने से जुड़े नियमों को अपनाना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक



अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना अत्यंत आवश्यक है। इसका मुख्य कारण है कि यह पाचन को स्वस्थ रखने, शरीर को हाइड्रेटेड करने समेत कई तरह के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े लाभ प्रदान करने में सक्षम है। हालांकि, आयुर्वेद की मानें तो पानी के सेवन से जुड़े कुछ नियम होते हैं, जिन्हें अपनाकर पानी समग्र स्वास्थ्य के लिए बहुत प्रभावी साबित होता है। आइए उन्हीं नियम के बारे में जानते हैं।

पानी के सेवन से जुड़े पांच आयुर्वेदिक नियम- 1) पानी को हमेशा घूंट-घूंट करके पिएं। 2) फ्रिज के ठंडे पानी की बजाय गर्म या कमरे के तापमान वाला पानी पिएं क्योंकि ठंडा पानी पाचन को धीमा कर देता है। 3) मिट्टी के बर्तन, तांबे या स्टील की चीजों में स्टोर किए गए पानी का सेवन करें। 4) पाचन की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए उबला हुआ पानी कमरे के तापमान पर ठंडा करके पिएं। 5) रोजाना अपने दिन की शुरुआत एक गिलास हल्का गर्म पानी पीकर करें।

रोजाना कितना पानी पीना स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त है?

खुद को स्वस्थ रखने के लिए आपको ज्यादा पानी के सेवन की जरूरत नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार, आयुर्वेद बताता है कि पानी को भी पचाने की जरूरत होती है। हर व्यक्ति को अपनी क्षमतानुसार पानी का सेवन करना चाहिए। हर किसी के लिए रोजाना ८-१० गिलास पानी का सेवन करना पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त, अन्य स्वास्थ्यवर्धक पेय को भी अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

पानी कब पीना चाहिए?

खाने के ३० मिनट बाद या पहले पानी का सेवन करना सही है। यह तरीका एक वात दोष वाले व्यक्ति के लिए आदर्श है। वहीं, कफ दोष वाले व्यक्ति के लिए भोजन से ३० मिनट पहले पानी पीना सही है। हालांकि, अगर आप या आपके परिवार या दोस्तों में से कोई खाना खाने के दौरान पानी पीता है तो उसे ऐसा करने पर टोकें क्योंकि इस तरह से पानी पीना कई बीमारियों को न्यौता देता है। सुनने में भले ही आपको अजीब लगे लेकिन गलत समय, गलत तरीके और गलत मात्रा में पानी पीने से पाचन संबंधित कई समस्याएं हो सकती हैं। इससे शरीर मधुमेह, ब्लड प्रेशर, सिरदर्द, भारीपन, किडनी में दिक्कत और सुस्ती जैसी कई समस्याओं की चपेट में आ सकता है। इसलिए आपको पानी पीने से संबंधित हर जरूरी जानकारी होनी चाहिए ताकि आप शारीरिक समस्याओं की चपेट में आने से बच सकें।

# कंगना रनौत की इमरजेंसी से रिवील हुआ नए एक्टर का लुक

कंगना रनौत आजकल अपनी नयी फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। जी दरअसल उनकी फिल्म 'इमरजेंसी' आने वाली है और वह इस पर जोरों से काम कर रही हैं। एक तरफ तो फिल्म की शूटिंग चल रही है, वहीं, दूसरी तरफ कंगना फिल्म में शामिल होने वाले कलाकारों के फर्स्ट लुक पोस्टर भी शेयर करती आ रही हैं। अभी हाल ही में उन्होंने नए एक्टर और किरदार का खुलासा किया है। जी दरअसल उन्होंने इस किरदार का फर्स्ट लुक शेयर किया है जो आप देख सकते हैं। कंगना ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर सैम मानेकशॉ के रूप में मिलिंद सोमन के लुक को रिवील किया। जी हाँ और फिल्म के पोस्टर में मिलिंद सोमन को शार्प मूंछों और यूनिफॉर्म में देखा जा सकता है।

मिलिंद का यह लुक आपको फिल्म के लिए एक्साइटेड जरूर कर देगा। जी हाँ और पोस्टर को शेयर करते हुए, कंगना रनौत ने लिखा, डायनैमिक मिलिंद सोमन को सैम मानेकशॉ के रूप में प्रस्तुत करते हुए खुशी हो रही है। इसी के साथ कंगना रनौत ने आगे लिखा, वह व्यक्ति जिसने भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारत की सीमाओं को बचाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जिसकी सेवा उसकी ईमानदारी के रूप में प्रतिष्ठित थी; एक आकर्षक, एक युद्ध नायक और इमरजेंसी में एक दूरदर्शी नेता।

आपको बता दें कि मिलिंद सोमन ने भी कंगना की फिल्म से जुड़ने पर खुशी जताई। जी दरअसल मिलिंद सोमन ने फिल्म से अपने फर्स्ट लुक को शेयर करते हुए बताया कि उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। आप देख सकते हैं उन्होंने लिखा, कंगना रनौत के डायरेक्शन 'इमरजेंसी' का हिस्सा बनने और सैम मानेकशॉ की भूमिका निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं, वह व्यक्ति जिसने अपनी बुद्धि और वीरता के साथ, 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत को जीत दिलाई!

## शब्द सामर्थ्य -51


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्रदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।




### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# बालकृष्ण की फिल्म का अहम शेड्यूल तुर्की में शुरू

तेलुगु स्टार नतासिम्हा नंदामुरी बालकृष्ण और निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी की बहुप्रतीक्षित मास एक्शन एंटरटेनर, जिसे अस्थायी रूप से हैशटैग-एनबीके107 कहा जा रहा है, का एक महत्वपूर्ण शेड्यूल अभी तुर्की में शुरू हुआ है।

सूत्रों का कहना है कि टीम नए शूटिंग शेड्यूल के लिए तुर्की के इस्तांबुल सिटी में उतरी। वे फिल्म के एक महत्वपूर्ण हिस्से की शूटिंग करेंगे जिसमें प्रमुख कलाकार इसमें हिस्सा लेंगे।

निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी ने शूटिंग लोकेशन से बालकृष्ण और श्रुति हासन के साथ अपनी एक सेल्फी तस्वीर पोस्ट की। सूत्रों का कहना है कि इस शेड्यूल में टॉकी पार्ट के अलावा एक्शन सीन भी फिल्माए जाएंगे।

निर्माताओं ने बालकृष्ण के जन्मदिन पर एक फर्स्ट हंट वीडियो जारी करके और उसके बाद एक पोस्टर के साथ दो बैक-टू-बैक ट्रीट प्रदान किए।

फिल्म में बालकृष्ण और श्रुति हासन के अलावा दुनिया विजय और वरलक्ष्मी सरथकुमार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक थमन इस फिल्म के लिए संगीत दे रहे हैं, जिसकी छायांकन ऋषि पंजाबी ने की है।

मैथरी मूवी मेकर्स के नवीन यरनेनी और वाई रविशंकर बड़े पैमाने पर फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। प्रशंसित लेखक साई माधव बुर्रा ने संवाद लिखे हैं, जबकि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिल्पकार नवीन नूली संपादन का काम संभाल रहे हैं। चंदू रविपति फिल्म के कार्यकारी निर्माता हैं, जिसमें राम-लक्ष्मण की जोड़ी ने फाइट्स कम्पोज की हैं। (आरएनएस)

# द घोस्ट के निर्माताओं ने नागार्जुन के जन्मदिन पर साझा किया फिल्म का पोस्टर

प्रवीण सत्तारु के निर्देशन में बन रही किंग और अक्किनेनी नागार्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म द घोस्ट सुर्खियों में हैं। नागार्जुन को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए निर्माताओं ने एक नया पोस्टर जारी किया।

इसके नाटकीय ट्रेलर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। 90 लाख व्यूज के साथ ट्रेलर को 200 हजार से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं और यह अभी भी यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है।

पोस्टर में, हाथ में कीमती धातु तमहगने लिए नार्गाजुन को एक कुर्सी पर बैठे और कड़ी निगाहों से देखा जा सकता है।

इस अवसर पर फिल्म का एकदम सही जन्मदिन पोस्टर जो एक उपन्यास अवधारणा के साथ एक एक्शन थ्रिलर होने के लिए बिल किया गया है। फिल्म में तमहागने नागार्जुन का हथियार है और उसी की झलक को भी असाधारण प्रतिक्रिया मिली।

सोनल चौहान फिल्म में नागार्जुन के साथ प्रमुख महिला की भूमिका निभा रही हैं, जहां दोनों इंटरपोल अधिकारी हैं। फिल्म में गुल पनाग और अनिखा सुरेंद्रन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी और नॉर्थस्टार एंटरटेनमेंट बैनर के तहत शरथ मरार एक भव्य बजट पर द घोस्ट का निर्माण कर रहे हैं।

मार्क के. रॉबिन संगीत निर्देशक हैं, गाने भरत और सौरब की जोड़ी ने दिए हैं। कैमरे के पीछे का आदमी मुकेश जी हैं, ब्रह्मा कदली कला निर्देशक हैं और दिनेश सुब्बारायण और काचा ने स्टंट को कोरियोग्राफ किया है।

द घोस्ट 5 अक्टूबर को दशहरा रिलीज के साथ बड़े पर्दे पर उतरेगी।

# गुरु रंधावा ने मैन ऑफ द मून से साइन्स म्यूजिक वीडियो का किया अनावरण

गुरु रंधावा के एल्बम मैन आफ द मून के पहले म्यूजिक वीडियो साइन्स का अनावरण किया गया। यह एक तेज-तर्रार गीत है जो सुनसान भूमि पर फंसे चरित्र पर आधारित है क्योंकि वह अतीत की यादों को याद करता है।

इस गाने को गुरु रंधावा ने कंपोज, लिखा और गाया है। रूपन बल द्वारा निर्देशित, संगीत वीडियो गुरु रंधावा के प्रशंसकों के लिए एक विजुअल ट्रीट है क्योंकि वह अपने भावों और स्वरों के साथ असहायता, दर्द और गंभीरता को व्यक्त करते हैं।

ट्रैक के बारे में बात करते हुए, गुरु रंधावा ने कहा, जैसा कि वादा किया गया था, मैन आफ द मून एल्बम का हर गाना एक अलग मूड को दर्शाता है और इनमें से प्रत्येक के लिए संगीत वीडियो भी बेहद अलग है।

उन्होंने कहा, साइन्स सांग एल्बम से मेरे पसंदीदा में से एक है क्योंकि हमने इसे बनाने और विजुअल्स में अलग एलिमेंट्स को शामिल करने की कोशिश की है। रूपन बल ने इस संगीत वीडियो को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने में शानदार काम किया है।

रूपन बल ने एक बयान में कहा, गुरु रंधावा के साथ काम करना खुशी की बात है, जो इस ट्रैक के संगीत वीडियो के लिए मेरे दिमाग में पूरी तरह से चले गए। हमारे पास भूषण कुमार के रूप में ऐसे निर्मा ता हैं जिन्होंने इस विजन को साकार करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। भूषण कुमार द्वारा निर्मित साइन्स का संगीत वीडियो टी-सीरीज यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।( आरएनएस)

# सारा अली खान और जहान्वी कपूर नए प्रोजेक्ट में साथ आएंगी नजर



एक्ट्रेस जान्हवी कपूर और सारा अली खान, जिन्होंने हाल ही में कॉफ़ी विद करण सीजन 7 में कॉफी काउच शेयर किया था, अब एक अडवेंचरस प्रोजेक्ट के लिए साथ आने वाली हैं. एक्ट्रेस सारा अली खान ने जान्हवी कपूर के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की और एक नए प्रोजेक्ट की तरफ इशारा किया. उन्होंने लिखा, कॉफी बनाने से लेकर अब तक को-एक्टर्स के रूप में हमने शूट किया. रुको और हमें देखें- हमें बताएं कि आपने क्या सोचा. तस्वीर में, दोनों एक्ट्रेस को कैजुअल आउटफिट में एक साथ बैठे देख सकते हैं. खबर के जरिए फैंस में काफी एक्सिटमेंट ला दिया है. एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने भी एक कमेंट किया, जिसमें लिखा था, यह एक धमाका होने वाला है.

जहां सारा ने अपनी एक डरावनी तस्वीर शेयर की, वहीं जान्हवी कपूर ने थोड़ी अलग तस्वीर शेयर की, जिसमें वे दोनों कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे थे. उनके कैप्शन में लिखा था, ट्रैवल एडवेंचर्स कॉफ़ी डेट्स और अब को-स्टार्स !.

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की 2020 में उनकी दो फिल्में रिलीज़ हुईं थीं - लव आज कल और कुली नंबर 1 और दोनों ही दर्शकों को लुभाने में नाकाम रहीं. हालांकि, अतरंगी रे (2021) में उनके परफॉरमेंस ने फिर से साबित कर दिया कि वह कितनी टैलेंटेड हैं. अब एक्ट्रेस को देखकर ऐसा लगता है की वह आने वाले समय में अपनी एक बड़ी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं. एक मीडिया रिपोर्ट को अनुसार उनकी अगली फिल्म, ऐ वतन...मेरे वतन, की शूटिंग अगले महीने, सितंबर 2022 में शुरू होने के लिए तैयार है. एक्ट्रेस स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता का किरदार निभाने वाली हैं.

# करीना बनी प्रोड्यूसर, हंसल मेहता के साथ पहली फिल्म पर काम शुरू



आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' की बॉक्स ऑफिस पर असफलता से बेफिक्र करीना कपूर ने अपने पहले प्रोडक्शन पर काम शुरू कर दिया है। हालांकि, उन्होंने इसका नाम या अन्य विवरण अभी नहीं साझा किया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर 'शाहिद' के निर्देशक हंसल मेहता के नाम के साथ एक फिल्म की पटकथा की एक तस्वीर निर्देशक के नाम पर पोस्ट की।

अभिनेत्री ने प्रोजेक्ट के शीर्षक को एक पेन रखकर चालाकी से छुपाया, हालांकि कोई भी 'द' और 'मर्डर' शब्द देख सकता है।

एक साल पहले, अगस्त 2021 में, करीना ने इंस्टाग्राम पर घोषणा की थी कि वह एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से फिल्म प्रोडक्शन करने वाली हैं। करीना ने एकता कपूर और हंसल मेहता के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें घोषणा की गई थी कि वह 'जल्द' निर्माता बनेंगी।

इसके अलावा, करीना के पास सुजॉय घोष की आने वाली थ्रिलर और उनकी 'वीरे दी वेडिंग' निर्माता के साथ एक फिल्म भी है।

सुजॉय घोष निर्देशित जापानी किताब 'द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' पर आधारित है, जिसमें वह 'पाताल लोक' के अभिनेता जयदीप अहलावत और विजय वर्मा के साथ स्क्रीन साझा करेंगी, जो अपनी स्ट्रीमिंग फिल्म 'डार्लिंग्स' की सफलता से खुश हैं जिसमें उन्होंने आलिया भट्ट और शेफाली शाह के साथ अभिनय किया है।(आरएनएस)

# अगले साल की शुरुआत में रिलीज होगी नानी-स्टारर दशहरा



तेलुगू स्टार नानी की पहली अखिल भारतीय फिल्म दशहरा 30 मार्च, 2023 को दुनिया भर में प्रदर्शित होगी, इसके निर्माताओं ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

श्रीकांत ओडेला द्वारा निर्देशित फिल्म में कीर्ति सुरेश मुख्य भूमिका में हैं। श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर सिनेमाज के बैनर तले सुधाकर चेरुकुरी द्वारा फिल्म की शूटिंग की जा रही है।

अपने कंफर्ट जोन से बाहर आकर नानी ने इस फिल्म में एक देहाती किरदार निभाया है। इस किरदार को निभाने के लिए अभिनेता ने एक रग्ड मेकओवर किया। खासतौर पर फिल्म के अनाउंसमेंट वीडियो में उनकी तेलंगाना बोली ने लोगों को हैरान कर दिया।

इस अवसर पर यूनिट ने एक नया पोस्टर भी जारी किया। पोस्टर में नानी का दमदार लुक है और उनके हाथ में शराब की बोतल है। पृष्ठभूमि में, पुरानी अभिनेत्री सिल्क स्मिता का एक चित्र देखा जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि फिल्म की शूटिंग गुरुवार को हैदराबाद में फिर से शुरू हुई। शूटिंग में पूरी लीड कास्ट हिस्सा ले रही है।

फिल्म की कहानी पेद्दापल्ली जिले के गोदावरीखानी (तेलंगाना) में सिंगरेनी कोल माइंस स्थित एक गांव की है। यह अपनी तरह की पहली कहानी है और नानी पहले कभी न देखे गए किरदार में नजर आएंगे।

समुथिरकानी, साई कुमार और जरीना वहाब भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे, जिसमें संतोष नारायणन द्वारा संगीत दिया जाएगा, और सत्यन सूर्यन इसके छायांकन को संभालेंगे।

नवीन नूली संपादक हैं और अविनाश कोल्ला फिल्म के प्रोडक्शन डिजाइनर हैं, जबकि विजय चगंती कार्यकारी निर्माता हैं।

फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज होगी। (आरएनएस)

# सही नहीं वक्त की बर्बादी

नवल किशोर कुमार

भारतीय संसदीय प्रणाली पूरी दुनिया में एक नजीर है। यह प्रणाली यह तय करती है कि इस देश में नीति व कानून कैसे बनाए जाएंगे और जो कुछ तय होगा, उसकी जवाबदेही जितनी कार्यपालिका की होगी, उतनी ही विधायिका की भी।

यह सत्ता की शक्ति को संतुलित करने की प्रकिया भी है। इसलिए संसद का प्रावधान है और सत्तासीन पक्ष के लिए यह जरूरी है कि यदि वह कोई नया कानून इस देश में लागू करना चाहता है तो उसे संसद में उसे विचारार्थ रखना होगा। हमारे देश में तो लोक सभा और राज्य सभा के रूप में दो सदनों की व्यवस्था है। साथ ही, हमारे देश के संविधान निर्माताओं ने यह तय किया था कि जब तक दोनों सदनों में सहमति नहीं बन जाती है अथवा बहुमत प्राप्त नहीं हो जाता है, तब तक देश में कोई कानून नहीं बनेगा।

दरअसल, जब संसद का विचार हमारे संविधान के निर्माताओं के जेहन में आया होगा तब उन्होंने यह जरूर सोचा होगा कि कार्यपालिका को जवाबदेह कैसे बनाया जाए? इसके लिए भी उन्होंने संसद को तरजीह दी और संसद को यह अधिकार दिया कि वह सवाल खड़ा करे और सत्ता पक्ष के सवालों का जवाब दे, लेकिन मौजूदा दौर में चुनौती यह है कि संसद की महत्ता को कम किया जा रहा है। और यह केवल सत्ता पक्ष यानी कार्यपालिका के द्वारा ही नहीं, बल्कि विपक्ष के द्वारा भी किया जा रहा है। यह बेहद दुखद है। मसलन; हाल ही में 8 अगस्त, 2022 को संसद के मानसून सत्र को पूर्व निर्धारित सीमा से चार दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया, जबकि पहले इस सत्र को 12 अगस्त, 2022 तक चलना था।

सत्ता पक्ष की ओर से इस बारे में कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। हालांकि सत्ता पक्ष इस बात के लिए विपक्ष पर हमलवार जरूर रहा कि उसने संसद की कार्यवाही में सहयोग नहीं किया और हंगामा किया। इससे पहले कि हम संसद के मानूसन सत्र में जो कुछ हुआ, उस पर विचार करें, पहले हम यह देखें कि इस सत्र के दौरान क्या हुआ। मानसून सत्र 12 अगस्त तक चलना था, लेकिन सरकार की सलाह पर इसे चार दिन पहले ही स्थगित कर दिया गया। राज्य सभा इस दौरान कुल 36 घंटे कार्यवाही चली, जबकि लोक सभा की कार्यवाही कुल 44.29 घंटे रही। लोक सभा में कुल 16 बैठकें हुई और उत्पादकता के हिसाब से कहें तो उपलब्धि मात्र 48 फीसद रही। लोक सभा की तरह राज्य सभा में भी कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण 47 घंटे कामकाज बाधित रही। राज्य सभा के निवर्तमान सभापति वेंकैया नायडू जो इस पद पर अपने आखिरी सदन का संचालन कर रहे थे, ने अफसोस व्यक्त किया कि विपक्ष ने कार्यपालिका को जवाबदेह बनाने का अवसर गंवा दिया। दरअसल मानसून सत्र के महंगाई एक बड़ा मसला उभरकर सामने आया। विपक्ष इस सवाल पर सरकार से विस्तृत जवाब की मांग कर रहा था, जबकि सत्ता पक्ष की रणनीति इस मुद्दे को टालने की रही। नतीजतन सत्र शुरू से लेकर अंत तक हंगामे का शिकार हुआ।

इस दौरान 23 विपक्षी सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई, जिसके कारण भी सदन की कार्यवाही बाधित हुई। संसद के मूल्यवान समय को कैसे जाया होने दिया गया, इसका अनुमान इसी मात्र से लगाया जा सकता हे कि मानसून सत्र के दौरान लोक सभा में सरकार केवल छह सरकारी विधेयक आए। इनमें राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक-2022, वन्यजीव संरक्षण संशोधन विधेयक-2022, केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक-2022 और ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक-2022 शामिल हैं। यह कहना भी अतिशयोक्ति नहीं कि कार्यपालिका ने भी मानसून सत्र के पहले अपना काम पूर्ण नहीं किया था। रही बात महंगाई के सवाल पर चर्चा की तो लोक सभा में इस मुद्दे पर छह घंटे 25 मिनट तक चर्चा हुई। फिर राज्य सभा में भी चर्चा हुई और कार्यपालिका की तरफ से केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जवाब दिया, लेकिन यह तब हुआ जब विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा। ऐसे में यह सवाल तो जरूर उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि सत्ता पक्ष ने महंगाई के सवाल पर प्रारंभ में चर्चा नहीं होने दी। हालांकि प्रारंभ में सत्ता पक्ष ने केंद्रीय वित्त मंत्री की अस्वस्थता की जानकारी अवश्य दी थी, लेकिन कार्यपालिका के पास और भी विकल्प अवश्य थे।

मुमकिन था कि कार्यपालिका प्रमुख होने के नाते सीधे प्रधानमंत्री इस चर्चा में भाग ले सकते थे या फिर किसी प्रभारी मंत्री को यह जिम्मेदारी दी जा सकती थी। विपक्ष को भी इस बिंदु पर सकारात्मक तरीके से विचार करना चाहिए था। खैर, संसद के समय को किस तरह जाया होने दिया गया, इसका एक अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि लोक सभा में कुल 16 दिन बैठकें हुई और इस दौरान शून्यकाल के दौरान केवल 98 मामले उठाए गए और इनमें भी करीब आधे पर सरकार की ओर से जवाब दिया गया। इसी प्रकार लोक सभा संचालन नियमावली के नियम 377 के तहत 318 तारांकित व अतारांकित प्रश्न उठाए गए। यदि लोक सभा के कुल सदस्यों की संख्या के लिहाज से देखें तो ये दोनों संख्या बहुत कम हैं। यह संसद के सदस्यों के लिए सवाल भी है कि क्या उनके पास सवाल ही नहीं थे? यह बात ध्यातव्य है कि ये प्रश्न आम जनता से जुड़े प्रश्न होते हैं।

दरअसल, यही संसद सदस्यों के होने की सार्थकता का पर्याय भी है और यही बात बात कार्यपालिका के लिए भी लागू होती है कि जनता के जो सवाल सीधे संसद में उठाए जाते हैं, उनके प्रति वह कितना गंभीर है।

दरअसल, लोकतंत्र के लिए जितना संवैधानिक प्रावधान महत्त्वपूर्ण हैं, उतना ही महत्त्व लोकाचार का भी है। यह पहली बार नहीं हुआ है कि संसद में हंगामा हुआ है। पहले भी हंगामे होते रहे हैं, लेकिन इसकी एक सीमा अवश्य तय होनी चाहिए। कार्यपालिका संसद के प्रति जवाबदेह रहे, यह सुनिश्चित करना संसद के सदस्यों को है। वहीं कार्यपालिका की जिम्मेदारी है कि वह संसद की मर्यादा को समझे। संसद को केवल राजनीतिक बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप का स्थान न बनाएं। इतनी शुचिता का ध्यान तो दोनों पक्षों को रखना होगा। दोनों पक्षों का यही प्रयास संसद की महत्ता को बरकरार रखेगा और देश हित में अहम फैसले सर्वसम्मति से लिये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## नकवी और शाहनवाज क्या करेंगे ?

मुख्तार अब्बास नकवी को राज्यसभा की टिकट नहीं मिली तो कहा गया कि उनको रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ाया जाएगा। जब वहां भी टिकट नहीं मिली और उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया तो कहा गया कि उनको उप राष्ट्रपति बनाया जाएगा। जब वह भी नहीं हुआ तो कहा गया कि वे राज्यपाल बनेंगे। उनकी उम्मीद अभी नहीं टूटी है क्योंकि कई राज्यों में राज्यपाल, उप राज्यपाल और प्रशासक आदि नियुक्त होने हैं। इस बीच एक अन्य घटनाक्रम में सैद शाहनवाज हुसैन ने भी सारे पद गंवा दिए हैं। बिहार में जदयू ने तालमेल तोड़ लिया, जिसके बाद भाजपा सत्ता से बाहर हो गई और शाहनवाज का मंत्री पद चला गया।

उसके तुरंत बाद दिल्ली में भाजपा ने केंद्रीय चुनाव समिति में बदलाव किया और शाहनवाज को उसमें से हटा दिया गया। सो, भाजपा के दोनों मुस्लिम चेहरे अब बिना किसी जिम्मेदारी के हैं। अब सवाल है कि ये दोनों क्या करेंगे? क्या भाजपा नकवी को किसी राज्य का राज्यपाल बनाएगी? जानकार सूत्रों के मुताबिक इसकी संभावना कम है कि भाजपा अब किसी मुस्लिम को राज्यपाल का पद देगी। इकलौते मुस्लिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान हैं, जिनका कार्यकाल सितंबर 2024 तक है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा ने परोक्ष रूप से 80-20 का चुनाव बनाने का ऐलान कर दिया है। अब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में कोई मुस्लिम मंत्री नहीं है। संसद के दोनों सदनों में भाजपा के करीब चार सौ सांसदों में एक भी मुस्लिम नहीं है। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.51

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 50 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# क्या केजरीवाल नरेन्द्र मोदी के विकल्प हैं ?

अजय दीक्षित

पिछले दिनों जब नीतीश कुमार ने पाला बदला था, और भाजपा को छोड़कर तेजस्वी यादव की पार्टी से हाथ मिला लिया था तो नीतीश कुमार ने एक बात बड़े जोरदार शब्दों से कही थी कि जो 2014 में आये थे वे क्या 2024 में भी रहेंगे ? उनका इशारा मोदी जी की तरफ था। उसके बाद जनता दल (यू) ने कहना शुरू कर दिया कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे सही व्यक्ति हैं। ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को एकजुट करने में लगी हैं। तेलंगाना के के.सी.आर भी अपने को प्रधानमंत्री बनने की इच्छा रखते हैं। उड़ीसा के नवीन पटनायक ने कुछ साफ-साफ नहीं कहा है। एन.सी.पी. के शरद पवार भी लाइन में हैं। अब जब मनीष सिसोदिया के यहां छापा पड़ा है तो आम आदमी पार्टी में कहना शुरू कर दिया है कि मोदी का सामना केजरीवाल ही कर सकते हैं और सन् 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी बनाम केजरीवाल होगा।

असल में राजीव गांधी को छोड़कर किसी को भी प्रधानमंत्री का पद झोली में नहीं मिला। इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद तुरन्त यह आवाज उठी कि किसी को नेहरू परिवार से ही प्रधानमंत्री बनना चाहिये। तब राहुल और प्रियंका बच्चे थे। सोनिया गांधी भारतीय राजनीति से अनभिज्ञ थीं। राजीव गांधी ने इण्डियन एयरलाइंस का पायलट का पद त्याग कर तुरन्त प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली। इसमें तबके राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की अहम भूमिका थी, यद्यपि बाद में राजीव गांधी से भी उनका कई मामलों में टकराव हुआ। आडवाणी जी ताकते ही रह गये उनका स्थान नरेंद्र मोदी ने छीन लिया ऐसा, आडवाणी भक्त कहते हैं। असल में पंजाब की जीत के बाद आम आदमी पार्टी के हौंसले बुलंद हैं। मध्य प्रदेश के सिंगरौली में उसने स्थानीय निकाय के चुनाव में अध्यक्ष पद जीत लिया है। गोवा में दो 4 सीटें जीती हैं। उत्तराखण्ड ब्लैक रहे। गुजरात में एक-दो स्थानों पर स्थानीय निकाय के चुनावों में जीत हासिल की है। मध्यप्रदेश में भी स्थानीय निकायों में कहीं-कहीं आम आदमी पार्टी जीती है। परन्तु यह पार्टी का श्रेय नहीं है, जीतने वाले की व्यक्तिगत जीत है।

भाजपा के पास राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का समर्थन है। दक्षिण में उड़ीसा, बंगाल तथा उत्तर पूर्व में आर.एस.एस. के कार्यकर्ता ही भाजपा को बल दे रहे हैं। आज भाजपा में अंतर्कलह भी है यद्यपि यह समाचार पत्रों की सुर्खियां नहीं बनती। कहते हैं अमित शाह और राजनाथ में दूसरे स्थान को लेकर खींचातानी है, यद्यपि इसका कोई मतलब नहीं है क्योंकि मोदी जी एक दिन के लिए भी छुट्टी पर जाने वाले नहीं हैं। जब वे विदेशों में रहते हैं तब भी भारत में कोई कार्यवाहक प्रधानमंत्री नहीं रहता जबकि प्रशासन की दृष्टि से ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये।

सन् 2014 में भी अरविन्द केजरीवाल नरेन्द्र मोदी के खिलाफ लड़े थे। तब कांग्रेस, सपा, बसपा सभी ने अपने उम्मीदवार खड़े कर रखे थे अत: विपक्ष के वोट बंट गये। यूं नरेन्द्र मोदी ने 2014 का चुनाव दो जगह से लड़ा था बनारस और गुजरात से। परन्तु वे बनारस की जीत के लिए पूरी तरह आश्वस्त थे।

असल में मोदी को टक्कर देना आसान नहीं है। एक तो उनका अपना व्यक्तित्व है, करिश्माई हैं, अच्छा भाषण देते हैं, देश में लाभार्थियों को वोट बैंक बना लिया है फिर आर.एस.एस. के कार्यकर्ताओं की भीड़ है। विपक्ष बंटा हुआ है। जब सोनिया और राहुल पर ईडी का छापा पड़ता है तो वह कहते हैं कि इन एजेन्सियों का दुरुपयोग हो रहा है, परन्तु जब मनीष सिसोदिया पर छापा पड़ता है तो वह आम आदमी पार्टी के विरोध में होते हैं और कहते हैं कि सीबीआई ने छापा डाला ! जहां तक भाजपा का सवाल है उनके प्रवक्ता जिस भाषा का प्रयोग टी.वी. चैनलों पर कर रहे हैं, वह भारतीय प्रजातंत्र के लिए चिंता का विषय है। ये प्रवक्ता कैसे कह सकते हैं कि अरविन्द केजरीवाल या सिसोदिया ने पैसों का गबन किया है ? यह काम कोर्ट का है। भारत के चीफ जस्टिस कई बार कह चुके हैं कि मीडिया ट्रायल नहीं होना चाहिए।

# गणेश महोत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुए शामिल, की पूजा अर्चना



नगर संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज पीठ बाजार ज्वालापुर स्थित वरिष्ठ पत्रकार मधुकान्त प्रेमी के आवास पर आयोजित गणेश महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुये, जहां उन्होंने भगवान गणपति की पूजा-अर्चना करते हुये देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिये प्रार्थना करते हुये भगवान गणपति का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक लक्सर संजय गुप्ता, पूर्व मेयर मनोज गर्ग, जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत, मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन, अपर जिलाधिकारी(प्रशासन) पी.एल. शाह, सिटी मजिस्ट्रेट अवधेश कुमार सिंह, एसडीएम पूरन सिंह राणा, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अवनीश प्रेमी, भाजपा नेता उज्ज्वल पण्डित सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत आठ घायल

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। दंगल देखने मेले में जा रहे लोगों के ई रिक्शा पर डीसीएम चालक द्वारा जोरदार टक्कर मार दिये जाने से दस लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल पहुचांया गया जहां उपचार के दौरान दो लोगों की मौत हो गयी वहीं बाकी आठ की हालत चिंताजनक बनी हुई है। डीसीएम चालक मौके से फरार है जिसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज अंगदपुर के कछ लोग गांव हमीरावाला में लगे मेले में दंगल देखने ई रिक्शा से जा रहे थे। इस दौरान जब उनकी ई रिक्शा रायपुरी के समीप पहुंची तो इस दौरान पीछे से आ रहे एक डीसीएम वाहन ने उनके ई रिक्शा को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई रिक्शा में बैठे सभी लोग बुरी तरह घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी दस घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान दो लोगों की मौत हो गयी जबकि बाकी आठ की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

मृतकों के नाम रूप किशोर व आलोक बताये जा रहे है। पुलिस ने दोनो शवों को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं डीसीएम चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा जिसकी तलाश जारी है।

## अब ओपन यूनिवर्सिटी की नियुक्ति पर..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

द्वारा भी अपने कार्यकाल में अपने सगे संबंधियों व रिश्तेदारों को इंटर कॉलेजों में अपात्र होने के बाद भी उन्हें नौकरियां दिये जाने की खबर चर्चाओं में है।

उधर पेपर लीक मामले में ताबड़तोड़ गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। एसटीएफ ने इस मामले में अब तक 33 वी संजय रावत के रूप में गिरफ्तारी की है।

मुख्यमंत्री धामी इस बाबत यह साफ कर चुके हैं कि अगर जरूरत होगी तो सीबीआई जांच सौंपी जा सकती है। विधानसभा में बैक डोर भर्तियों पर क्या निर्णय होता है अब सभी की निगाहें विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी के एक्शन पर ही लगी हुई है। कुल मिलाकर सूबे में जो घोटालों-घोटालों का खेला हो रहा है उससे नेताओं की खूब किरकिरी हो रही है।

# हाईकोर्ट के अधिवक्ता के घर पर चोरों का धावा, जांच में जुटी पुलिस

हमारे संवाददाता

नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल में बंद मकान में चोरी किये जाने का मामला सामने आया है। मकान हाईकोर्ट के अधिवक्ता का है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार नैनीताल के तल्लीताल में स्टोनले कंपाउंड क्षेत्र में हाईकोर्ट के अधिवक्ता यशपाल किराए के घर मे रहते है। बताया जा रहा है कि बीते रोज यशपाल अपने मूल निवास गूलरभोज गए हुए थे। इसका फायदा उठाते हुए कुछ चोर देर रात उनके घर पहुंचे और ताला तोड़कर सामान ले उड़े। पड़ोसियों ने जब आज सुबह जब अधिवक्ता के घर के ताले टूटे देखे, तो उन्होंने तुरंत पुलिस और यशपाल को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि चोरों ने घर भी पूरी तरह अस्त व्यस्त कर दिया है। घनी आबादी वाले इलाके में चोरों के दुस्साहस से लोगों में सनसनी मची हुई है। मकान मालिक ने बताया कि हमारा मकान घनी आबादी में है,रात को चोर कब आये और ताला तोड़कर चोरी कर ले गए इसका पता भी नही चला। उन्होने बताया कि किराएदार यशपाल अपने घर गए हुए थे उनको चोरी की घटना के बारे में बता दिया गया है। घर से क्या क्या सामान चोरी हुआ है इसकी जानकारी यशपाल के आने के बाद ही पता चल पाएगी।

# वाहन यमुना में गिरा, एक घायल दो लापता



हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक वाहन के यमुना नदी में गिर जाने से जहां एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया वहीं दूसरा व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंच कर घायल को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया वहीं दूसरे की तलाश में रेस्क्यू अभियान जारी है।

घटना यमुनोत्री हाईवे पर आज सुबह की है। जानकारी के अनुसार वाहन जब नौगांव के तरफ से एन एच-123 पर चामी से लगभग 300 मीटर पीछे बर्निगाड के समीप पहुंचा तो चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिस पर वाहन यमुना नदी में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में तीन लोग सवार बताये जा रहे है। जिसमें से एक व्यक्ति घायल हो गया जबकि दो लापता है। सूचना मिलने पर पुलिस, 108 आपातकालीन सेवा नौगांव, एस.डी.आर.एफ.,टीम ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। जबकि लापता व्यक्तियों की खोजबीन के लिए देहरादून के डाकपत्थर से एस.डी.आर.एफ गोताखोर की टीम घटना स्थल रवाना हुयी है। पुलिस के अनुसार यमुना के जल स्तर अधिक होने से लापता दो लोगों की बहने के अधिक संभावनाएं हैं। वाहन में सवार लोग देहरादून सेलाकुई के बताये जा रहे हैं।

# पंतनगर यूनिवर्सिटी के नवनियुक्त कुलपति ने जोशी से की शिष्टाचार भेंट

संवाददाता

देहरादून। पंत नगर युनिवर्सिटी के नवनियुक्त कुलपति डा. मनमोहन सिंह ने कृषि मंत्री गणेश जोशी से शिष्टाचार भेंट कर कई विषयों पर चर्चा की।



आज यहां न्यू कैंट रोड स्थित कैंप कार्यालय में पंतनगर यूनिवर्सिटी के नव नवनियुक्त कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने कृषि मंत्री गणेश जोशी से शिष्टाचार भेंट की। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि जैविक खेती की महत्ता व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जैविक खेती पर अधिक से अधिक बल दिया जाये। उन्होंने कहा कि यूनीवर्सिटी द्वारा किये जाने वाले शोध कार्यों का अधिक से अधिक लाभ कृषकों को मिले, जिससे किसानों की आय में वृद्धि की जा सके।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने संसाधनों का अधिक से अधिक विकसित करे तथा उपलब्ध संसाधनों का सकारात्मक सोच के साथ उपयोग करे ताकि विश्वविद्यालय की आर्थिकीय में भी वृद्धि हो। इसके साथ ही कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कुलपति को शासन के साथ समन्वय बनाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव कृषि बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम भी उपस्थित रहे।



कोरोना से डरे नहीं
सतर्क रहें, सुरक्षित रहें


## एक नजर

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने की नोरा फतेही से पूछताछ

मुंबई। ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में अबतक अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज से कई बार पूछताछ की जा चुकी हैं। वहीं अब इस मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पहली बार नोरा से पूछताछ की। खबरों के मुताबिक, ईओडब्ल्यू की संयुक्त पुलिस आयुक्त छाया शर्मा के कार्यालय में फिल्म एक्ट्रेस नोरा से करीब 6-7 घंटे पूछताछ की गई



और इस दौरान अभिनेत्री से करीब 50 से ज्यादा सवाल पूछे गए। इसमें सुकेश से आपने गिफ्ट कब लिए? आप उनसे कहां मिलीं? जैसे सवाल थे। पूछताछ के दौरान नोरा फतेही ने ईओडब्ल्यू टीम का पूरा सहयोग किया। हालांकि नोरा फतेही को पूछताछ के लिए एक बार फिर बुलाया जा सकता है। दरअसल, ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने चार्जशीट दायर की है, उस चार्जशीट में जैकलीन को आरोपी बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोरा ने कहा, मैं सुकेश की पत्नी से नेल आर्ट फंक्शन में मिली थी। यहीं उन्होंने मुझे एक बीएमडब्ल्यू कार गिफ्ट की थी। मैं दोनों की क्रिमिनल हिस्ट्री के बारे में नहीं जानती थी। इसके साथ ही नोरा ने कहा कि श्मेरा जैकलीन के साथ कोई कनेक्शन नहीं है। नोरा ने आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों के सामने इस मामले में अपने कई बयान दर्ज करवाए हैं।

# विस्फोटकों से भरी गाड़ी ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मारी, 8 पुलिस अधिकारियों की मौत

बोगोटा। पश्चिमी कोलंबिया में एक विस्फोटक हमला हुआ है। इस हमले में कम से कम 8 पुलिस अधिकारियों के मारे जाने की खबर है। ये हमला हुइला डिपार्टमेंट के एक ग्रामीण इलाके में शुक्रवार को हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ये घातक हमला उस समय हुआ जब पुलिस की एक टीम पेट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान विस्फोटकों से भरी गाड़ी ने पुलिस की गाड़ी में टक्कर मार दी। देश में लगभग 60 सालों से चल रहे संघर्ष को खत्म करने का वादा कर पिछले महीने कोलंबिया के प्रथम वामपंथी राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाले




गुस्तावो पेट्रो के कार्यकाल में यह अब तक का सबसे घातक हमला है। पेट्रो ने ट्विटर पर कहा, श्मैं विस्फोटकों के साथ किए गए इस हमले की निंदा करता हूं। मैं मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी सहानुभूति और एकजुटता प्रकट करता हूं। ये कृत्य पूर्ण शांति में बाधा है।

# भगवान गणेश की पूजा करने पर कट्टरपंथियों के निशाने आई मुस्लिम महिला

लखनऊ । एक मुस्लिम महिला हिंदू देवता गणेश की पूजा करने के कारण कट्टरपंथियों के निशाने पर आ गई है। महिला और उसके परिवार को अब फतवा जारी किए जाने की धमकी मिल रही है। जानकारी के मुताबिक अलीगढ़ की रूबी आसिफ खान के परिवार के खिलाफ फतवा जारी करने की धमकी दी गई है। रूबी ने अपने घर में भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की है। इसे



लेकर वो कट्टरपंथियों के निशाने पर आ गई हैं। मोबाइल सर्विस देवबंद के चेयरमैन मुफ्ती अरशद फारुकी की ओर से इसे लेकर एक वीडियो जारी किया है। मुफ्ती अरशद फारुकी ने कहा है कि हिंदुओं के यहां गणेश एक बड़े देवता हैं जो अक्ल और इल्म का खजाना माने जाते हैं। जहां तक इस्लाम का मसला है तो इस्लाम सिर्फ अल्लाह की पूजा, अल्लाह की परस्ती सिखाता है। उन्होंने आगे कहा कि जो इसका पाबंद है वह मुस्लिम है। यह दो टूक फैसला और दो टूक बात है। मुफ्ती अरशद फारुकी ने वीडियो में ये भी कहा है कि अगर कोई इसकी खिलाफी करता है तो वह अपने मजहब की खिलाफी करता है। वही हुकुम जारी होगा जो हुकुम इस्लाम और मजहब की खिलाफी करने पर होता है। यह दो बातें बिल्कुल साफ हैं।

# सीएम धामी ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय के 40वें ज्ञानदीक्षा समारोह में प्रतिभाग किया




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के 40वें ज्ञानदीक्षा समारोह में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी छात्र अपने परिश्रम से इस ज्ञान की गंगोत्री को सफल बनाते हुए आगे बढ़ाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि इस परमधाम में इस मौके पर आने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। प्रतिवर्ष 21 जून को आयोजित होने वाला योग दिवस इसका एक उदाहरण है।

मुख्यमंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबको यहाँ बुलाया गया है, आप सब विशिष्ट कार्य के लिए बने हैं। मुख्यमंत्री ने छात्रों से आह्वान करते हुए कहा कि हम सब को यह संकल्प लेना चाहिए कि इस ज्ञान की गंगा के प्रभाव को कम नहीं होने देंगे और नए भारत को बनाने में सभी योगदान देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा हम सब के पास आने वाले 25 वर्षों में अमृत काल को स्वर्णिम अक्षरों में लिखने का मौका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने न्यू इंडिया का जो सपना देखा है हम सबको उस सपने को साकार करने में अपना योगदान देना है।

मुख्यमंत्री ने गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य श्रीराम शर्मा को याद करते हुए कहा कि इस संसार में बहुत कम गिने-चुने लोग हैं जिन्होंने अपने विचारों से करोड़ों लोगों का जीवन बदला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा समाज में जनजागृति लाने का पुनीत कार्य भी किया गया।

कार्यक्रम में देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या ने आनलाइन जुडकर समारोह की अध्यक्षता की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ज्ञानदीक्षा संस्कार विद्यार्थियों को नवजीवन प्रदान करने वाला है। जीवन में आध्यात्मिकता को उतारने का यह श्रेष्ठ अवसर है। उन्होंने कहा कि यहाँ पाठ्यक्रम के अलावा जीवन जीने की कला सिखाई जाती है, जो विद्यार्थियों को ऊँचा उठाने में सहायक है।

कार्यक्रम में कुलपति शरद पारधी, प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या, देश-विदेश से आये विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकगण मौजूद रहे।

# यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में पीआरडी जवान गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

देहरादून। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में एसटीएफ ने अपनी जांच आगे बढ़ाते हुए अब एक पीआरडी जवान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि पीआरडी जवान द्वारा लीक प्रश्न पत्र की फोटो कापी करवा कर अपनी पत्नी को चयनित करवाया था। इस मामले में एसटीएफ द्वारा आरोपी पीआरडी जवान सहित अब तक 33 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि यूकेएसएसएससी के पीआरडी जवान संजय राणा पुत्र हयात सिंह राणा निवासी भीमतलाजिला चमोली द्वारा पूर्व पीआरडी कर्मचारी मनोज जोशी के साथ मिलकर अपने घर मे लखनऊ से लीक प्रश्न पत्र की फोटो कॉपी करवाई एवं अपनी पत्नी को प्रश्न पत्र देकर चयनित करवाया गया था। बताया कि गवाहों के बयान एवं टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर आरोपी पीआरडी जवान संजय राणा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से एसटीएफ ने एक फोटो कॉपी मशीन और सीपीयू भी बरामद किया है। बताया कि आरोपी संजय राणा वर्ष 2014 से 2022 अप्रैल तक यूकेसीएसएससी में पीआरडी कर्मचारी नियुक्त था।

# क्या होगा उन हथियारों का जिनके मालिक नहीं रहे?

विशेष संवाददाता

देहरादून। शस्त्र व्यवसायियों के लिए वह हथियार (शस्त्र) एक बड़ी समस्या बन गए हैं जिन्हें उनके मालिकों द्वारा जमा कराए जाने के बाद वापस नहीं लिया जाता है। इन शस्त्रों की सुरक्षा और रखरखाव कब तक और कैसे किया जा सकता है? इन हथियारों का निस्तारण कैसे संभव हो? इसे लेकर शहर के सबसे पुराने शस्त्र व्यवसाई श्याम गन हाउस के मालिक श्याम सुंदर ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है।

गृहमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि मृत्यु के पश्चात और जीवित अवस्था में अपरिहार्य स्थिति में जमा कराए गए शस्त्रों को वापस न लिए जाने के कारण बड़ी संख्या में शस्त्र व्यवसायियों के पास शस्त्र जमा हो चुके हैं उनका कहना है कि आयुध अधि नियम 1959 में अब तक कोई संशोध न नहीं किया गया है और व्यवसायियों के पास इन शस्त्रों के निस्तारण का कोई रास्ता नहीं है। इसलिए वह इन हथियारों का कोई निस्तारण नहीं कर सकते हैं।

उन्होंने भाजपा की केंद्रीय सरकार से अपील की है कि उन्होंने तमाम बड़ी समस्याओं का हल निकाला है इसलिए शस्त्र व्यवसायियों को उम्मीद है कि वह इस समस्या का हल भी निकाल सकते हैं।

उन्होंने पत्र में इन शस्त्रों के निस्तारण के हल के उपाय सुझाते हुए पुलिस मुख्यालय या पुलिस लाइन में बने शस्त्रागारों के पास एक हाल बनाकर उन्हें जमा कराने व नजारत (माल खाना) जो जिला मजिस्ट्रेट के अधीन होता है में भी इन्हें रखे जाने का सुझाव दिया है।



## ❑केंद्रीय गृह मंत्रालय से निस्तारण की अपील

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*